INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Lesson –2 नादान दोस्त	Topic: प्रश्ननोत्तर तथा व्याकरण भाग	Note: Pl. write in your note book

पाठ - **2** - नादान दोस्त |

अति लघु उत्तरीय प्रश्न –

प्रश्न 1- चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे ?

उत्तर- चिड़िया ने अंडे कार्निस पर दिए थे |

प्रश्न 2- बच्चों के मन में क्या जिज्ञासा थी ?

उत्तर- बच्चों के मन में अंडों को देखने की जिज्ञासा थी |

प्रश्न 3- केशव ने श्यामा को क्या लाने को कहा ?

उत्तर- केशव ने श्यामा को कूड़ा फेंकने वाली टोकरी लाने को कहा l

प्रश्न 4- श्यामा की नींद कब खुली ?

उत्तर- श्यामा की नींद चार बजे खुली l

प्रश्न 5- चिड़िया ने कितने अंडे दिए थे ?

उत्तर- चिड़िया ने तीन अंडे दिए थे l

लघु उत्तरीय प्रश्न –

प्रश्न 1 - अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में किस तरह के सवाल उठते थे ?

उत्तर- अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में कई तरह के सवाल उठते थे कि अंडे कैसे हैं ?कितने बड़े हैं?किस रंग के हैं?उनमें से बच्चे कैसे निकलेंगे आदि|

प्रश्न 2 - बच्चे आपस में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दे दिया करते थे?

उत्तर- बच्चे आपस में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली दिया करते थे क्योंकि उनके सवालों के ज़वाब देने के लिए अम्मा और बाबू जी के पास समय नहीं था|

प्रश्न 3- श्यामा ने क्या सोचकर माँ से केशव की शिकायत की ?

उत्तर - श्यामा ने सोचा कि केशव को उसकी गलती की सज़ा मिलनी चाहिए इसलिए उसने माँ से केशव की शिकायत की l

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1- केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी दाना -पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे ?

उत्तर - कार्निस पर चिड़िया के अंडे थे। केशव ने श्यामा से चिथड़े मँगवाकर उनकी गद्दी बनाई और अंडों के नीचे रख दी|उन्हें धूप से बचाने के लिए टोकरी से छत बनाई | चिड़िया को दाना-पानी लाने के लिए दूर न जाना पड़े इसलिए दाना -पानी मँगाकर कार्निस पर ही रख दिया ।

प्रश्न - 2-माँ के सोते ही केशव और श्यामा दोपहर में बाहर क्यों निकल आए ? माँ के पूछने पर दोनों में से किसी ने भी दोपहर में किवाड़ खोलकर बाहर निकलने का कारण क्यों नहीं बताया ?

उत्तर- माँ के सोते ही केशव और श्यामा अंडों की सुरक्षा करने के लिए बाहर निकल आए । माँ के पूछने पर पिटाई के डर से दोनों में से किसी ने भी दोपहर में किवाड़ खोलकर बाहर निकलने का कारण नहीं बताया ।

शब्दार्थ -

1-कार्निस – दीवार के ऊपर का आगे बढ़ा हुआ भाग
A decorative border above the window

2 सुध – होश – **Sense**

3 तसल्ली – दिलासा – **Satisfaction**

4 गर्व – घमंड – **Proud**

5 पेचीदा – मुश्किल – **Difficult, Hard**

6 जिज्ञासा – जानने की इच्छा – **Eager to know**

7 अधीर – बेचैन – **Restless**

8 अनुमान – अंदाज़ा – **Idea**

9 प्रस्ताव – सुझाव – **Suggestion**

10 स्वीकृत करना – मंजूर होना – **Accept**

11 चाव – शौक – **Interest**

12 आँख बचाकर – नज़रों से बचकर – **Sneaked (to hide)**

13 उधेड़बुन – सोच विचार – **Lost in thoughts, to think**

14 हल करना – सुलझाना – **Solving the problem**

15 सूराख – छेद – **A Hole**

16 हिकमत – उपाय, युक्ति – **Plan**

17 हिफ़ाज़त – रक्षा – **security, Safety**

18 चिथड़े – फटे पुराने कपड़े – **Rag, Old cloths**

19 चटनी कर डालना – खूब पीटना – **Beating hard**

20 यकायक – एकदम – **Suddenly**

21 संयोग से – इत्तफ़ाक से – **By chance**

22 उल्टे पाँव दौड़ना – देखते ही दौड़ना – **Returning back immediately**

23 चेहरे का रंग उड़ना – घबरा जाना – **Getting scared**

24 उजला – साफ़ – **Very clear**

25 सहमी हुई- घबराई हुई – **Afraid**

26 सोटी – डंडा – **Wooden stick**

27 भीगी बिल्ली बना – डरा हुआ – **Scared**

28 थामना – सहारा देना – **To Help**

29 जोग – प्रयास – **Try**

- व्याकरण भाग

कारक (Case) - कारक चिह्न - ने ,को ,से(Through, By),के द्वारा, के लिए, से (from) का ,के , की, हे !, अरे ! आदि |

प्रश्न1- निम्नलिखत वाक्यों में कारक चिह्न रेखांकित कीजिए –

1 - लोगों ने दीवार को चित्रों से सजाया l

2 - भीमा ने गृहकार्य कर लिया है l

3 - माँ ने मेहमानों के लिए खाना बनाया l

4 - पेड़ पर चिड़िया का घोंसला है l

5 - नदी में फ़ल गिर गया है l

6 - पेड़ से फल और पत्ते गिर रहे हैं l

7 - अरे भाई ! मेरी सहायता करो l

8 - बच्चों के कमरे में दो कुरसियाँ हैं l

प्रश्न- 2 दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए –

1 -	जिसका कभी जन्म न होता हो	-	अजन्मा
2 -	जिसका कोई कारण न हो	-	अकारण
3 -	परिश्रम करनेवाला	-	परिश्रमी
4 -	जिसके आने की तिथि निश्चत न हो	-	अतिथि
5 -	जिसका अंत न हो	-	अनंत
6 -	जो कभी न मरे	-	अमर

प्रश्न - 3 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए :-

	एकवचन		बहुवचन
1 -	लड़का	-	लड़के
2 -	थैला	-	थैले
3 -	आँख	-	आँखें
4 -	गाय	-	गाएँ
5 -	बेटी	-	बेटियाँ
6 -	तारा	-	तारे
7 -	मछली	-	मछलियाँ
8-	ताला	-	ताले

प्रश्न - 4 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी लिखिए :-

	शब्द		अनेकार्थी		
1 -	बाल	-	बालक	,	केश
2 -	पानी	-	जल	,	चमक
3 -	कुल	-	सब	,	वंश
4 -	पर	-	पंख	,	परंतु
5 -	लाल	-	बेटा	,	एक रंग

****